◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

MADHYA PRADESH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 21 नवम्बर 2026

धर्म

देवउठनी ग्यारस में तुलसी माता शालिग्राम का भव्य विवाह समारोह



देवउठनी ग्यारस के ग्राम पलोहा छोटा में आज तुलसी माता शालिग्राम के देवता का विवाह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में बारात निकाली गई, सभी रीति-रिवाजों का पालन किया गया और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामवासी ने विभिन्न प्रकार के योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया और इस पावन अवसर को यादगार बनाया।

— Amit Kumar Raghuwanshi

धर्म

देवउठनी ग्यारस के अवसर पर ग्राम पलोहा छोटा में शालिग्राम भगवान एवं तुलसी माता की वैवाहिक समारोह



आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर ग्राम पलोहा छोटा में शालिग्राम भगवान एवं श्री तुलसी माता का वैवाहिक समारोह आयोजित किया गया। सभी भक्तों ने मिलजुल कर इस पावन कार्यक्रम में भाग लिया।

समारोह में बरात निकली, नृत्य और संगीत के साथ पारम्परिक रीति-रिवाज़ों का पालन किया गया। शालिग्राम भगवान और तुलसी माता की शादी की सभी रस्में पूर्णतया संपन्न हुईं।

ग्राम के सभी माताओं, बहनों, भाइयों और अन्य उपस्थित लोगों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ इस आयोजन का आनंद उठाया। इस विशेष अवसर ने ग्रामवासियों में एकजुटता और आध्यात्मिक भावना को प्रबल किया।

— Amit Kumar Raghuwanshi

मोहन यादव के ब्यौहारी आगमन पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं



मोहन यादव के ब्यौहारी आगमन पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध 9 लोगों को हुई जेल

दिनांक 16 नवंबर 2026 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी के ब्यौहारी आगमन पर भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के माध्यम से क्षेत्र की पांच प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई।

इन सभी मुद्दों पर पूर्व में भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शासन-प्रशासन को आवेदन, ज्ञापन एवं निवेदन दिए जा चुके थे, लेकिन बार-बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसी के चलते 16 नवंबर को निम्नलिखित पांच प्रमुख मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

1. स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग

मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं दवाइयों की कमी है। जांच और उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण लोगों की जान तक चली जाती है। सरकार से मांग है कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, स्टाफ, दवाइयां एवं जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

2. शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग

ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, मध्यान्ह भोजन की अनियमितता, जर्जर भवन एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर जातिगत भेदभाव की शिकायतें भी सामने आती हैं। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है, इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समानता का वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

3. रोजगार की व्यवस्था की मांग

प्रदेश के युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग पलायन करने को मजबूर है। इसका सीधा प्रभाव गरीब और मजदूर परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। सरकार युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

4. पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। पिछड़ा वर्ग के अधिकारों एवं प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की गई।

5. ब्यौहारी को जिला बनाने की मांग

उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए ब्यौहारी को जिला बनाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ब्यौहारी लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहा है। इसलिए ब्यौहारी को जिला घोषित करने की मांग की गई।

आंदोलन के बाद 9 कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

इन जनहित की मांगों को लेकर आवाज उठाने के बाद भीम आर्मी के 9 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कार्यकर्ताओं को जमानत मिलने में भी काफी समय लगा। इस घटनाक्रम को लेकर संगठन एवं समर्थकों ने कड़ी आपत्ति जताई।

अंततः साथियों, जब तक बहुजन, मूलनिवासी, आदिवासी, पिछड़ा एवं वंचित समाज के लोग अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक शासन-प्रशासन तक उनकी समस्याओं की गंभीरता नहीं पहुंचेगी।

हमारे साथियों ने जनहित के पांच महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आवाज उठाई और संघर्ष किया। साथियों एवं समाज के लोगों के निरंतर सहयोग और प्रयासों के बाद हमारे क्रांतिकारी साथियों की जमानत का रास्ता साफ हुआ और वे जेल से बाहर आए।

हमारा संघर्ष किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आरक्षण और क्षेत्र के विकास जैसे बुनियादी अधिकारों के लिए है।

— Manjur Mansoori Saif Khan

शिक्षा

मिशन बेंचमार्क से सरकारी स्कूलों में बढ़ रही सुविधाएं, जनसहयोग से रावत पलासिया स्कूल को मिले 60 सेट टेबल-बेंच



मिशन बेंचमार्क से सरकारी स्कूलों में बढ़ रही सुविधाएं, जनसहयोग से रावत पलासिया स्कूल को मिले 60 सेट टेबल-बेंच

कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन, 120 विद्यार्थियों को मिलेगी बैठकर पढ़ाई की सुविधा

खरगोन 19 नवंबर 2026। जिले के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की पहल पर संचालित मिशन बेंचमार्क अब जनसहभागिता का व्यापक अभियान बनता जा रहा है। इस पहल से प्रेरित होकर जिले के समाजसेवी, नागरिक, संस्थाएं और विभिन्न विभाग आगे आकर विद्यालयों में फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं।

इसी कड़ी में आज विकासखंड बड़वाह के माध्यमिक विद्यालय रावत पलासिया में खाद्य विभाग की पहल पर गैस एजेंसियों एवं सेल्समैनों के जनसहयोग से 120 विद्यार्थियों के लिए 60 सेट टेबल-बेंच दान किए गए। इस सहयोग से विद्यार्थियों को अब कक्षाओं में व्यवस्थित रूप से बैठकर अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एच.एस. मुवेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बड़वाह श्री अमिताभ शुक्ला, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि श्री नाहरसिंग सोलंकी एवं श्री अजय कर्मा, सेल्समैन प्रतिनिधि श्री शिव कुमार सावनेर, श्री शांतिलाल कम्पवात, श्री राधेश्याम चोयल, श्री जीवन एवं श्री भगवान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री अनिल तंवर, श्री संजय खंडे, श्री रामेश्वर तंवर, श्री अनिल योगी, श्री रामेश्वर मंडलोई एवं श्री प्रेम सिंह नागर सहित विद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

जनसहयोग से शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण

मिशन बेंचमार्क के माध्यम से जिले में शासकीय विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की इस पहल ने समाज के विभिन्न वर्गों को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। रावत पलासिया विद्यालय में मिला यह सहयोग इस बात का उदाहरण है कि प्रशासन के प्रयासों के साथ जनभागीदारी जुड़ जाए तो शासकीय विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव लाना संभव है।

— Rajkumar Kaithwas

धर्म

बड़वाह में देव प्रबोधिनी एकादशी पर हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन



बड़वाह में देव प्रबोधिनी एकादशी पर हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नर्मदा परिक्रमावासियों को मिली बड़ी सौगात, पड़ाली नदी पर बने पुल का नाम रखा गया 'रामसेतु'

बड़वाह, 20 नवंबर 2026।

नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा नगर में निरंतर नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन पर्व पर नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए दो महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न हुआ।

पड़ाली नदी पर निर्मित स्टॉप डेम पुल लोकार्पण तथा नर्मदा परिक्रमावासियों के रुकने हेतु नवीन आश्रय स्थल का भूमिपूजन सुविख्यात संत परम पूज्य अवधूत श्री टाटम्बरी सरकार, राधाकृष्ण मंदिर के महंत पूज्य श्री सुंदर भारती जी, संत श्री त्यागी जी महाराज, लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सोनल विजय महाजन के करकमलों से हुआ।

इस अवसर पर संतजनों ने सभी को आशीर्वचन दिए। विधायक सचिन बिरला ने कहा कि पुल एवं आश्रय स्थल के निर्माण से नर्मदा परिक्रमावासियों को अत्यंत सुविधा होगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए नगर पालिका परिषद को शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संतजनों की पावन उपस्थिति में इस पुल का नाम 'रामसेतु' रखा गया है। पूर्व में नर्मदा परिक्रमावासियों को गंदे पानी से होकर पड़ाली नदी पार करनी पड़ती थी। इस नवीन पुल का निर्माण अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 76 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

निरंतर नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन पर्व पर नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए दो महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न हुआ।

पड़ाली नदी पर निर्मित स्टॉप डेम पुल लोकार्पण तथा नर्मदा परिक्रमावासियों के रुकने हेतु नवीन आश्रय स्थल का भूमिपूजन सुविख्यात संत परम पूज्य अवधूत श्री टाटम्बरी सरकार, राधाकृष्ण मंदिर के महंत पूज्य श्री सुंदर भारती जी, संत श्री त्यागी जी महाराज, लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सोनल विजय महाजन के करकमलों से हुआ।

इस अवसर पर संतजनों ने सभी को आशीर्वचन दिए। विधायक सचिन बिरला ने कहा कि पुल एवं आश्रय स्थल के निर्माण से नर्मदा परिक्रमावासियों को अत्यंत सुविधा होगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए नगर पालिका परिषद को शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संतजनों की पावन उपस्थिति में इस पुल का नाम ‘रामसेतु’ रखा गया है। पूर्व में नर्मदा परिक्रमावासियों को गंदे पानी से होकर पड़ाली नदी पार करनी पड़ती थी। इस नवीन पुल का निर्माण अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 76 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

उन्होंने बताया कि परिक्रमावासियों के ठहरने हेतु कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। परिषद के सभी पार्षदों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर 84 लाख रुपये की लागत से सुव्यवस्थित आश्रय स्थल का निर्माण किया जाएगा, जो 4 माह में पूर्ण होगा।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र सुराणा पार्षदगण गणेश पटेल, श्रीमती ज्योति विजय सोनी, श्रीमती रजनी भंडारी, अनिल कानूनगो, कृष्ण पाल सिंह तोमर, बद्रीलाल पटेल, एल्डरमैन महिम ठाकुर, संजय जैन, अभिषेक जैन, विक्रांत कोठारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लादूराम साहू, सुरेंद्र पंड्या, अनोकचंद मंडलोई, महेश गुर्जर, नगर पालिका सीएमओ कुलदीप किंशुक, इंजीनियर करण अलावा, नागेश्वर दत्त पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

— Rajkumar Kaithwas

नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा इंदपुरी धर्मशाला बडवाह में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया गया



नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा इंदपुरी धर्मशाला बडवाह में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया गया सर्व प्रथम भगवान गिरिराज धरन का पूजन एवम आरती मंचासीन समाज अध्यक्ष व्ही एस गावशिन्दे पूर्व अध्यक्ष एवम मार्गदर्शक जी एस गाँवशिन्दे महिला अध्यक्ष आशा खेड़े युवा अध्यक्ष आयुष बर्वे सचिव दिलिप शर्मा सांस्कृतिक सचिव राजा शर्मा सचिन बर्वे वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी मुकेश खेड़े गोपाल कृष्ण पगारे संतोष चिंचे आदि ने की गिरीराज धरण की पूजा आरती पण्डित संजय शर्मा जी ने सम्पन्न कराई ततपश्चात 56 भोग प्रसादी का वितरण समाज जनों में किया गया । उसके बाद समाज के प्रतिभाशाली बच्चो को 10वी बोर्ड एवम 12 वी बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर सम्मानित किया गया साथ ही शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाल गोपाल द्वारा शानदार नाटक गायन एवम सवांद के माध्यम से अपनी प्रतिभा को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मंच पर सजीव चित्रण किया ऐसे सभी प्रतिभागियों को भी इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। समाज अध्यक्ष व्ही एस गावशिन्दे ने भारी संख्या में उपस्थित समाज जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हर समाज एक जूट होकर आगे बढ़ रहे है और अपने समाज का नाम रोशन कर रहे है मेरा आप सब से अनुरोध है कि समाज मे एक जुतता के साथ रहकर इसी तरह कार्यक्रम को सफल बनाते रहे। सभी परिभाशाली बच्चो को शुभकामनाएं दी उसके बाद अन्नकूट प्रसादी भारी संख्या में उपस्थित समाज जनों ने ग्रहण की। समाज के मार्गदर्शक जी एस गावशिन्दे द्वारा समाज मे शुरू की गई नार्मदीय ब्राह्मण साख सस्था की शुरुआत होने पर प्रशन्नता जाहिर की एवम समाज जनों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में सस्था के सदस्य बनकर समाज के प्रकल्प का लाभ लेवे। युवा अध्यक्ष आयुष बर्वे ने सभी युवाओं से एक जुट होकर समाज के कार्यो में सहयोग करने का अनुरोध किया । कार्यक्रम का संचालन दिलिप शर्मा ने किया आभार राजेन्द्र शर्मा राजा ने माना।

— Rajkumar Kaithwas

स्थानीय

बड़वाह में सामाजिक समरसता का अनूठा संगम: सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन में 25 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक निकाह संपन्न



बड़वाह में सामाजिक समरसता का अनूठा संगम: सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन में 25 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक निकाह संपन्न

मुख्यमंत्री सामूहिक निकाह योजना के तहत नगर पालिका परिषद एवं आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ भव्य आयोजन; पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन बिरला व नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने मंच से दिया नवदंपतियों को आशीर्वाद

बड़वाह। नगर में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सेवा की भावना को साकार करते हुए शुक्रवार, 20 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक निकाह योजना के अंतर्गत सुन्नी इज्तेमाई शादी सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। नगर पालिका परिषद बड़वाह एवं आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 17, मौलाना आजाद मार्ग स्थित नगर सेठ के खेत में आयोजित इस पुनीत सम्मेलन में 25 जोड़ों का पूर्णतः निःशुल्क सामूहिक निकाह कराया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें नगर की 44 सामाजिक एवं विभिन्न संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

निकाह*

पूर्ण धार्मिक गरिमा और परंपरा के साथ संपन्न हुए इस सम्मेलन में शहर काजी बड़वाह मोहम्मद रेहान रजा साहब नईमी, हाफिज गुलाम नबी साहब, ए.डी. कलंदर चिश्ती हाफिज साहब, आबीर हाफिज साहब एवं शाहरुख हाफिज साहब ने सभी 25 जोड़ों का निकाह पढ़वाया।

अतिथियों ने मंच से किया संबोधित, दिया आशीर्वाद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन बिरला और नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता शामिल हुए। मंच से पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन बिरला, नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सैय्यद मकसूद अली, डोंगर सिंह खंडाला, इंद्र बिरला, अशोक जैन (बागोद) एवं जितेंद्र सुराना ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। वक्ताओं ने सामूहिक विवाह के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत देने और समाज में एकता का संदेश फैलाने वाला कदम बताया। सभी अतिथियों ने मंच से नवविवाहित वर-वधू को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

जनप्रतिनिधियों और समाजजनों की रही गरिमामयी उपस्थिति

सम्मेलन के सफल आयोजन में आयोजक मजहर सैय्यद, मकसूद अली, पार्षद साबिर खान एवं इरफान शेख की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में अनिल राय, पंकज जटाले, विष्णु वर्मा, जितेंद्र पाटीदार, सोहनलाल शाह, सुनील चौधरी, भूपेंद्र गुर्जर, रामेंद्र सिंह भाटिया, नरहरि दांगी, पार्षद रजनी भंडारी, गणेश पटेल, महिम ठाकुर, अंकित गुप्ता, विजय सोनी, वसीम गुड्डा, रवि जैन अनिल कानूनगो, जिमी तोमर, राजू गोहर, मिक्की चौहान, राहत खान मोहम्मद आमीन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

विवाह समारोह में संभाली भोजन की व्यवस्था

विवाह समारोह के दौरान निकाह में शामिल हुए वर-वधू के परिजनों के साथ ही उपस्थित समस्त समाजजनों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई। इस व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी अनवर पठान, आरिफ पठान, राजू सेठ, असलम भाई, याकूब भाई और हुसैन हाजी (बेड़िया वाले) ने बखूबी संभाली।

नपा परिषद एवं प्रशासन के प्रति जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, नगर पालिका परिषद, सीएमओ कुलदीप किंशुक पुलिस प्रशासन और समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शेख इरफान ने किया और आभार मज़हर अली ने माना। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन सहित पुलिस अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा।

— Rajkumar Kaithwas

अपराध

खरगोन पुलिस ने किसान के खेतों से मोटर पंप चोरी की घटना का किया खुलासा



खरगोन पुलिस ने किसान के खेतों से मोटर पंप चोरी की घटना का किया खुलासा

• प्रकरण में बागोद पुलिस ने कुल 03 अंतरजिला आरोपियों को किया गिरफ्तार, जिसमें 01 चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी

• पुलिस ने चोरी के आरोपियों से जप्त की चोरी की 01 पानी की मोटर पम्प, इंदौर के कबाड़ी आरोपी का पुलिस रिमान्ड प्राप्त कर 03 चोरी की मोटर जप्त करना शेष

श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना बलवाड़ा चौकी बागोद की पुलिस टीम ने क्षेत्र से किसानों के खेतों में लगी पानी की मोटरों की चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल की है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 09.07.2026 को चौकी बागोद पर फरियादी द्वारा सूचना दी गई कि, अज्ञात चोरों के द्वारा उसके खेत में सिंचाई हेतु मैथावा नहर में लगी 04 पानी की मोटरें चोरी कर ले गए हैं । प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बलवाड़ा चौकी बागोद पर अपराध क्रमांक 105/26 धारा 303(2) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के खिलाफ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ।

किसान के खेतों से मोटर पंप चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बलवाड़ा निरीक्षक श्री रितेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर चोरी की घटना के खुलासे व चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने हेतु मुखबिरों को सक्रिय कर लगाया गया ।

परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, उक्त चोरी की घटना में ग्राम कनाड के रहने वाले श्यामलाल एवं श्यामली के रहने वाले लेखराम का हाथ हो सकता है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल श्यामलाल एवं लेखराम को अभिरक्षा में लेकर बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त मोटर पम्प चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं चोरी किए चार में से एक मोटर पम्प छुपा कर रखना व 03 मोटर पम्प इंदौर के कबाड़ी अबरार निवासी नायता मुंडला इंदौर को बेचने की जानकारी पुलिस को दी ।

प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा इंदौर के कबाड़ी अबरार निवासी नायता मुंडला इंदौर को भी अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम के द्वारा तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है जिनका पुलिस रिमान्ड प्राप्त कर चुरा कर बेची गई 03 मोटर पंप भी जप्त की जाएगी ।

गिरफ्तारशुदा आरोपीयो के नाम

1. श्यामलाल पिता शिवलाल गोरसिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम कनाड थाना उदय नगर जिला देवास

2. लेखराम पिता सीताराम बारेला जाति भील उम्र 22 साल निवासी श्यामली थाना उदयनगर जिला देवास

3. अबरार पिता शौकीन खान उम्र 42 साल निवासी नायता मुंडला इंदौर

पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही में एसडीओपी बड़वाह श्री मुकेश इजारदार के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बलवाड़ा निरीक्षक श्री रितेश यादव के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बागोद हरिशंकर पान्टेल, प्रधान आरक्षक श्रीकृष्णा चौहान, आरक्षक दीपक सिकरवार, आरक्षक आनंद रावत, सैनिक सुनील बघेल का विशेष योगदान रहा ।

— Rajkumar Kaithwas

किला चौक में स्कॉर्पियो चेकिंग के दौरान अवैध कट्टा और कारतूस बरामद, चालक अभिषेक गुर्जर को गिरफ्तार



किला चौक पर पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो वाहन की नियमित जाँच के दौरान एक अवैध कट्टा और पाँच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस दौरान वाहन का चालक, अभिषेक गुर्जर, ने गाड़ी छोड़कर भागने की कोशिश की।

यातायात प्रभारी हिमांशु तिवारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी का पीछा किया और आनंद टॉकीज रोड पर उसे रोक कर दबोचा। वाहन की तलाशी में उल्लेखित कट्टा और कारतूस पाए गए।

अभिषेक गुर्जर को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना ने शहर में अवैध हथियारों की उपलब्धता पर प्रश्न उठाए हैं, क्योंकि ऐसे हथियारों की आपूर्ति के स्रोत अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं।

पुलिस ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जाँच को कड़ा किया जाएगा और सभी ट्रांसपोर्ट साधनों की नियमित जाँच जारी रहेगी।

— Ankit Parihar

कल वकीलों का प्रदर्शन,आज नगर निगम कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा,काली पट्टी बांध कर किया विरोध



कटनी। शहर में विरोध प्रदर्शनों का दौर लगातार जारी है। कल वरिष्ठ अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के बाद आज नगर निगम कर्मचारियों ने भी मोर्चा खोल दिया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान नगर निगम के कर्मचारी एकजुट होकर अपनी नाराजगी जाहिर करते नजर आए। तस्वीरों में महिला एवं अन्य कर्मचारी बैठकर विरोध जताते दिखाई दे रहे हैं।

लगातार हो रहे प्रदर्शनों से कटनी का माहौल गरमाया हुआ है। कल अधिवक्ताओं के आंदोलन के बाद आज नगर निगम कर्मचारियों के प्रदर्शन ने शहर में चर्चाओं का दौर तेज कर दिया है।

अब सवाल यह है कि कर्मचारियों की मांगों पर नगर निगम प्रशासन क्या कदम उठाता है?

— Manmohan

स्थानीय

शहीद पवन यादव के अंतिम संस्कार में हंगामा, शहीद का दर्जा देने की मांग पर भड़के परिजन और ग्रामीण



शहीद पवन यादव के अंतिम संस्कार में हंगामा, शहीद का दर्जा देने की मांग पर भड़के परिजन और ग्रामीण

पवन यादव के अंतिम संस्कार के दौरान उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब विधायक राजेश सोनकर भाषण दे रहे थे। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने पवन यादव को शहीद का दर्जा देने और उनके परिवार को शहीद परिवार के रूप में मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

विधायक की ओर से उनकी मांगों पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया गया। इसी बात को लेकर ग्रामीणों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की तक पहुंच गई।

अंतिम विदाई के मौके पर शहीद का दर्जा और परिवार को सम्मानजनक सहायता देने की मांग को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया।

— Ramjan mansuri

अपराध

कुकती सरई में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता सत्र आयोजित



कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते के मार्गदर्शन में तहसील मवई के बैगा बाहुल्य ग्राम कुकती सरई में वन स्टॉप सेंटर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है, जिसके विरुद्ध दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित है। साथ ही पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, लिंग आधारित हिंसा, लिंग परीक्षण एवं दहेज प्रतिबंध अधिनियम के बारे में भी जागरूक किया गया।

पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, हिट एंड रन योजना, किशोर न्याय अधिनियम एवं साइबर सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने टोल-फ्री नंबर 15100 के माध्यम से विधिक सहायता प्राप्त करने की सुविधा के बारे में बताया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा जिला बाल विवाह रोकथाम नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07642-252699 भी साझा किया गया।

सुश्री मर्सकोले ने बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें बाल श्रम से दूर रखने की अपील की, जिससे भविष्य में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से समाप्त किया जा सके।

— Rishabh Gupta

शिक्षा

मंडला में समावेशी शिक्षा नोडल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल समापन



16 से 18 नवम्बर तक बिंझिया में जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा नोडल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। यह कार्यशाला कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी समग्र शिक्षा के तत्वावधान में आयोजित की गई और इसमें जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के नोडल शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पहचान, समावेशी शिक्षण पद्धति, बोर्ड परीक्षा की सुविधाएँ, स्वनिर्मित शिक्षण सामग्री, बीएएलए तथा कक्षा 9 से 12वीं तक विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री सनातन प्रकाश सैनी और सुश्री अलका प्रजापति ने मुख्य सत्र संचालित किए।

समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े और एपीसी श्री मुकेश पांडे ने शिक्षकों से विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया और सभागत सभी विशिष्ट

द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल संसाधनों के उपयोग की जानकारी तथा विभिन्न दिव्यांगताओं वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी डिजिटल उपकरणों और दीक्षा के ई-जादुई पिटारा के व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता सत्र आयोजित



कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय अंजनिया, तहसील बिछिया में वन स्टॉप सेंटर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

सत्र में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल अधिकार और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि १८ वर्ष से कम आयु की बालिका एवं २१ वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है तथा ऐसे मामलों में दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने पोषक अधिनियम, जेंडर आधारित हिंसा, लिंग परीक्षण एवं दहेज प्रतिबंध अधिनियम सहित कई कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों को महिला हेल्पलाइन १८१, पुलिस हेल्पलाइन ११२, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, साइबर अपराध हेल्पलाइन १९३० तथा बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का क्रमांक ०७६४२-२५२६९९ बताया गया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प लिया गया।

पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने निःशुल्क विधिक सहायता, हिट-एंड-रन योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, किशोर न्याय अधिनियम एवं साइबर सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी तथा टोल-फ्री नंबर १५१०० के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कु. रिया रघुवंशी एवं मदन कुमार राय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उन्हें उपहार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन हरदहा, डॉ. राजकुमार सिंगौर, डॉ. सुंधी लाल मरकाम, डॉ. घनश्याम झारिया, डॉ. सुरेन्द्र लिलहारे, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. गरिमा धाबड़ा, डॉ. प्रशांत यादव एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता श्री हरिशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

गुना में देवउठनी एकादशी पर किसानियों ने गन्ने व फूल माला की दुकानें लगाई



गुना के बीजी रोड और ए-बी रोड पर आज देवउठनी एकादशी के दिन किसानियों ने अपने गन्ने और फूल माला की दुकानें लगाई। गन्ने की कीमत 20 रुपये से लेकर 50 रुपये तक रखी गई, जबकि फूल माला की कीमत 10 रुपये से 50 रुपये तक निर्धारित की गई।

स्थानीय लोगों ने इन वस्तुओं की बड़ी संख्या में खरीदारी की, जिससे बाजार में रंगीन माहौल बना रहा। यह आयोजन धार्मिक उत्सव के साथ-साथ स्थानीय कृषि उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

किसानियों ने कहा कि इस तरह के स्थानीय बाजार से उन्हें सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचने का अवसर मिलता है और आय में सुधार होता है। इस पहल को स्थानीय प्रशासन ने भी सराहा और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

अपराध

सीधी जिले में रीवा लोकायुक्त टीम ने तहसील के बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा



मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रीवा लोकायुक्त की टीम ने हाल ही में एक भ्रष्टाचार मामला उजागर किया, जिसमें तहसील अधिकारी, जिन्हें तहसील के बाबू कहा जाता है, को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा गया।

जांच के दौरान टीम ने यह पाया कि अधिकारी ने स्थानीय व्यवसायी से अनधिकृत भुगतान लिया था, जिससे सार्वजनिक सेवाओं में अनुचित लाभ प्राप्त हो रहा था।

रिश्वत की राशि और लेन-देन के विवरण को दर्ज कर, अधिकारियों ने तुरंत आरोपी को हिरासत में ले लिया और मामले की पूरी रिपोर्ट न्यायालय को सौंप दी।

इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं की निगरानी और सख्त प्रवर्तन की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है, और स्थानीय जनता को आश्वासन मिलता है कि सार्वजनिक पदों का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों पर लोकायुक्त की कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार 19 नवंबर को सीधी जिले में रीवा लोकायुक्त की टीम ने तहसील के बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। बाबू ने एक किसान से उसकी पैतृक जमीन को कलेक्टर के आदेश से शासकीय भूमि घोषित करने के क्रियावानन को रुकवाने के एवज में 15000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत किसान के द्वारा लोकायुक्त कार्यालय रीवा में की गई थी।

कलेक्टर का आदेश बदलवाने के लिए मांगे 15 हजार रुपये

लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता हीरालाल कोल (57), निवासी ग्राम देवरछ, जिला सीधी ने 18 नवंबर 2026 को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में फरियादी हीरालाल कोल ने बताया कि उप तहसील हनुमानगढ़ में मैप तहसीलदार वृत्त कार्यालय में पदस्थ बाबू भूपेंद्र सिंह चौहान (58) उनकी पैतृक जमीन को शासकीय भूमि घोषित करने के कलेक्टर के आदेश के क्रियान्वयन को रुकवाने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग कर रहा है। वो रिश्वत नहीं देना चाहते हैं लेकिन बगैर रिश्वत के बाबू उनका काम नहीं कर रहा है। इसी बीच आरोपी बाबू के द्वारा 10 हजार रुपये देने की मांग की गई।

लोकायुक्त की टीम ने शिकायत की जांच की और शिकायत सही पाए जाने पर गुरुवार 19 नवंबर को फरियादी हीरालाल कोल को रिश्वत के 10 हजार रुपये देने के लिए भेजा। रिश्वतखोर बाबू भूपेन्द्र सिंह चौहान ने जैसे ही फरियादी से उप तहसील हनुमानगढ़ में रिश्वत के रुपये लिए तो सादे कपड़ों में मौजूद लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथों धरदबोचा। कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई को निरीक्षक एस राम मरावी और निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में लोकायुक्त रीवा की टीम ने अंजाम दिया।

— Dinkar Kumar Mahara

भांडेर कृषक मंडी में व्यापारी-स्टाफ के मिलीभगत से किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहे



भांडेर, दतिया के कृषक मंडी में किसान यह आरोप लगा रहे हैं कि मंडी के कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच मिलीभगत से उन्हें धान की उचित कीमत नहीं मिल रही है। किसान बताते हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम धान कीमत के बावजूद, स्थानीय व्यापारी मनमानी दरें तय कर रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है।

इस समस्या को लेकर किसानों ने एसडीएम को आवेदन किया, जिसमें उन्होंने बताया कि मंडी के स्टाफ और व्यापारियों की मिलीभगत से फसल का उचित रेट नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर धान खरीदना चाहिए, परंतु वास्तविक लेन-देन में बड़ी असमानता देखी जा रही है।

आम आदमी पार्टी के दीपक भार्गव ने किसानों के साथ मिलकर इस मुद्दे को उठाया और मंडी सचिव तथा एसडीएम बृजेंद्र यादव से इस समस्या की जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसानों की आय पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

किसानों ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि मंडी में पारदर्शी मूल्य निर्धारण प्रक्रिया लागू की जाए और किसी भी प्रकार की मिलीभगत को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए।

— Buddhi Prakash Mali

शहडोल: शिक्षा के मंदिर में ‘मंथली’ की पाठशाला! छात्रावास अधीक्षकों से हर माह ₹5,000 वसूली का आरोप, रीवा यात्रा के लिए भी राशि जुटाने की चर्चा



बीईओ शिव प्रताप सिंह चंदेल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, कथित फोटो-वीडियो साक्ष्य होने का दावा; उच्चस्तरीय जांच की मांग

शहडोल। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों के कंधों पर है, उन्हीं विभागीय व्यवस्थाओं को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शिव प्रताप सिंह चंदेल की कार्यप्रणाली को लेकर विभागीय गलियारों में कथित वसूली और आर्थिक लेन-देन की चर्चाएं सामने आ रही हैं।

आरोप है कि विकासखंड क्षेत्र के छात्रावास अधीक्षकों से प्रत्येक माह ₹5,000 की राशि एकत्र किए जाने की व्यवस्था चल रही है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल विभागीय अनुशासन का मामला नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

हर महीने ₹5,000 की कथित वसूली का मामला

सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि छात्रावास अधीक्षकों से हर महीने ₹5,000 की राशि ली जाती है। इस कथित लेन-देन से संबंधित फोटो और वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने की भी चर्चा है। हालांकि इन साक्ष्यों की स्वतंत्र पुष्टि और वास्तविकता की जांच होना अभी बाकी है।

रीवा यात्रा से पहले राशि जुटाने का आरोप

विभागीय चर्चाओं में यह आरोप भी सामने आ रहा है कि संभागीय मुख्यालय रीवा की यात्रा से पहले छात्रावास अधीक्षकों से कथित तौर पर राशि एकत्र की जाती है। यदि ऐसा हो रहा है, तो यह जानना जरूरी है कि राशि किस उद्देश्य से ली जा रही है और इसमें किन लोगों की भूमिका है।

जांच

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि संबंधित अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर पूर्व में भी शिकायतें और विभागीय स्तर पर कार्रवाई से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में संबंधित अभिलेखों की जांच कर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि पूर्व शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई और वर्तमान आरोपों की वास्तविक स्थिति क्या है।

कमिश्नर से लेकर विभागीय अधिकारियों तक उठे सवाल

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इन आरोपों को गंभीरता से लेंगे? क्या छात्रावास अधीक्षकों के बयान दर्ज किए जाएंगे? क्या कथित फोटो और वीडियो की तकनीकी जांच कराई जाएगी?

प्रमुख मांगें:

1. छात्रावास अधीक्षकों से कथित ₹5,000 मासिक वसूली के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो।

2. संबंधित फोटो और वीडियो साक्ष्यों की सत्यता की जांच कराई जाए।

3. रीवा यात्रा एवं अन्य खर्चों के लिए कथित राशि संग्रह की पड़ताल हो।

4. शिकायतकर्ताओं और छात्रावास अधीक्षकों के बयान गोपनीय तरीके से दर्ज किए जाएं।

5. जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी की कार्यप्रणाली की निगरानी की जाए।

अब सवाल सिर्फ एक है—शिक्षा विभाग में नियमों का राज चलेगा या कथित वसूली के आरोपों पर पर्दा पड़ा रहेगा

— Brijesh Kumar Lodhi

स्थानीय

पीपलरावां बस स्टैंड पर खराब क्वालिटी की आरसीसी रोड निर्माण कार्य



पीपलरावां बस स्टैंड पर निर्मित आरसीसी रोड की गुणवत्ता पर स्थानीय निवासियों ने गंभीर आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि लाखों रुपये की लागत से बनायी गयी यह सड़क केवल एक वर्ष में ही उखड़ गई।

अब इस स्थान पर नई परत चढ़ाने का काम चल रहा है, जिसमें केवल एक इंच मोटी परत का उपयोग किया जा रहा है। गिट्टी की जगह चुरी (छोटी पत्थर) का प्रयोग किया जा रहा है और धूल-मिट्टी को भी ठीक से साफ नहीं किया जा रहा है।

स्थानीय जनता ने कहा कि इस प्रकार की घटिया क्वालिटी का कार्य सार्वजनिक धन का अपव्यय है और प्रशासन को तुरंत इस मुद्दे को संज्ञान में लेना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं से बचा जा सके।

रमजान मंसूरी की रिकॉर्ड

— Ramjan mansuri

स्थानीय

गुना के फूल मंडी में देवउठनी ग्यारस महापर्व पर भारी भीड़



गुना के फूल मंडी में आज देवउठनी ग्यारस के महापर्व का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी भीड़ ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर स्थानीय किसान और फूल विक्रेता विभिन्न प्रकार के फूलों की प्रदर्शनी कर रहे थे, जिससे दर्शकों को रंग-बिरंगे फूलों की विविधता देखने को मिली।

वर्ष की तुलना में अधिक आगंतुक आए और फूलों की नई विविधता भी प्रस्तुत की गई, जिससे व्यापार में वृद्धि हुई।

स्थानीय प्रशासन ने भी इस आयोजन को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की, और भविष्य में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का इरादा व्यक्त किया।

— पुरुषोत्तम बैरागी

धर्म

आज गुना जिले के लक्ष्मी नारायण मंदिर में देवउठनी ग्यारस के इस विशेष पर्व पर विशेष पूजन एवं सा सजावट देखी गई भक्तों का जनसेवक भी देखा गया यहां पर



आज देवउठनी ग्यारस है jismein ki Bhagwan Vishnu 4 mahine ki nidra avastha mein chale jaate Ho uske bad Aaj devuthni gyaras per Bhagwan Vishnu apni nidra se uthkar शालिग्राम रूप में माता तुलसी से विवाह करते हैंइसी पर पर आज गुना के लक्ष्मी नारायण मंदिर में शालिग्राम भगवान एवं माता तुलसी का विवाह महोत्सव मनाया जा रहा हैतो आज महंत और पुजारी ने बताया कि शाम 4:00 बजे से लेकर रात्रि 11:00 बजे तक पूजन का समय रखा गया है आप लोग इस समय पूजन कर सकते हैं

— पुरुषोत्तम बैरागी

शहडोल: दो छात्रावासों का प्रभार एक अधीक्षिका को, शिक्षक के निलंबन पर भी उठे सवाल



शहडोल: दो छात्रावासों का प्रभार एक अधीक्षिका को, शिक्षक के निलंबन पर भी उठे सवाल

बिना नोटिस निलंबन का आरोप, सहायक आयुक्त की पदस्थापना और विभागीय कार्यप्रणाली जांच के घेरे में

शिक्षा केंद्र से जुड़े मामलों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ही अधीक्षिका को दो अलग-अलग विभागों के छात्रावासों का प्रभार सौंपे जाने और बिजौरी स्कूल के सहायक शिक्षक अखिलेश सिंह के निलंबन को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

दो छात्रावासों का प्रभार एक अधीक्षिका को

जानकारी के अनुसार सोहागपुर स्थित सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास और राज्य शिक्षा केंद्र के नेताजी सुभाष चंद्र बोस 50 सीटर छात्रावास का प्रभार अधीक्षिका प्रतिभा चौधरी के पास है। दोनों छात्रावास अलग-अलग विभागों के अधीन संचालित हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि दोनों का प्रभार किस सक्षम अधिकारी के आदेश से दिया गया और इसके लिए क्या विभागीय अनुमति ली गई है?

बिना नोटिस निलंबन का आरोप

दूसरी ओर छतवई संकुल अंतर्गत बिजौरी स्कूल के सहायक शिक्षक अखिलेश सिंह के निलंबन का मामला भी सामने आया है। शिक्षक का आरोप है कि उन्हें न तो कोई कारण बताओ नोटिस मिला और न ही कोई लिखित पत्र जारी किया गया। ऐसे में निलंबन की प्रक्रिया और संबंधित नियमों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सहायक आयुक्त की पदस्थापना पर सवाल

विभाग के सहायक आयुक्त की मूल पदस्थापना, संवर्ग और पात्रता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन दावों की पुष्टि संबंधित विभागीय आदेशों और सेवा अभिलेखों की जांच के बाद ही हो सकेगी।

विभाग से जवाब का इंतजार

अब सवाल यह है कि दो छात्रावासों का प्रभार देने के पीछे क्या प्रशासनिक आधार है? शिक्षक के निलंबन में निर्धारित प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं? विभागीय अधिकारियों को इन सभी बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

इनका कहना

प्रतिभा चौधरी, अधीक्षिका:

“जी हां, मैं दो छात्रावासों में पदस्थ हूं। राज्य शिक्षा केंद्र के 50 सीटर छात्रावास में और जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास में जुलाई से ज्वाइन किया है।”

अखिलेश सिंह, सहायक शिक्षक, शासकीय स्कूल बिजौरी:

“जी हां, निलंबन हुआ है, लेकिन मुझे अभी इसकी जानकारी नहीं है। मेरे पास किसी भी प्रकार का नोटिस या पत्र जारी नहीं हुआ है। मुझे संकुल में बुलाया गया है, मैं जा रहा हूं, वहां जाकर देखता हूं कि क्या बात है।”

— Brijesh Kumar Lodhi

पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, ₹2.80 करोड़ की मरम्मत पर उठे सवाल



शहडोल में जनजातीय कार्य विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, ₹2.80 करोड़ की मरम्मत पर उठे सवाल

संदीपनी विद्यालय में 10 प्रतिशत भी काम नहीं होने का दावा, सहायक आयुक्त के खिलाफ प्रमुख सचिव से शिकायत

शहडोल। जनजातीय कार्य विभाग शहडोल में कथित वित्तीय अनियमितताओं और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सात्विक प्रसाद तिवारी ने भोपाल में विभाग के प्रमुख सचिव को शिकायत सौंपकर करोड़ों रुपये के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायत में संदीपनी विद्यालय जयसिंहनगर की मरम्मत के लिए स्वीकृत ₹2.80 करोड़ की राशि के उपयोग पर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद मौके पर 10 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ और पहली बारिश में ही विद्यालय की छत से पानी टपकने लगा।

इसके अलावा निर्माण कार्यों की स्वीकृति, ठेकेदारों को भुगतान, छात्रावास अधीक्षकों के लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने और कथित नियमविरुद्ध नियुक्तियों को लेकर भी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ता ने सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा की पूर्व पदस्थापनाओं के दौरान हुई विभागीय कार्रवाई और अन्य संपत्तियों को लेकर भी जांच की मांग की है।

अब पूरे मामले में प्रमुख सचिव से स्वतंत्र जांच समिति गठित करने तथा संबंधित दस्तावेज सुरक्षित रखने की मांग की गई है। सवाल यह है कि आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा और विकास के लिए आवंटित करोड़ों रुपये की वास्तविक स्थिति क्या है और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही कब तय होगी?

नोट: ये सभी आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं। इनकी स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

— Brijesh Kumar Lodhi

सिंगरौली के RTO चेक पोस्ट पर 800 रुपये की फर्जी रसीद देने वाला लुटेरा पकड़ा गया



सिंगरौली जिले के RTO चेक पोस्ट पर एक लुटेरे ने यात्रियों से 800 रुपये लेकर फर्जी रसीद जारी करने की कोशिश की, जिसे स्थानीय पुलिस ने तुरंत रोक दिया।

जांच के दौरान पता चला कि वह व्यक्ति नियमित रूप से चेक पोस्ट पर रुकने वाले वाहन चालकों से अतिरिक्त शुल्क ले रहा था और नकली रसीदें दे रहा था।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी जाँच शुरू कर दी है और फर्जी रसीदों के नमूने एकत्र किए हैं। इस प्रकार की धांधली को रोकने के लिए RTO ने भी सतर्कता बढ़ा दी है।

अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी अनियमित शुल्क के बारे में तुरंत सूचना दें और वैध रसीद की मांग करें।

— Rajnish Kumar Pathak

धर्म

देवउठनी एकादशी पर विष्णु के जागरण का उत्सव, तुलसी विवाह से शुभ कार्यों की शुरुआत



देवउठनी एकादशी, जो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है, इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस पावन दिन को विशेष रूप से इस कारण से महत्व दिया जाता है कि मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा (चातुर्मास) के बाद जागते हैं, जिससे धार्मिक माहौल में नई ऊर्जा का संचार होता है।

किया जाता है, जिसमें माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न किया जाता है। यह अनुष्ठान हिंदू धर्म में विवाह तथा अन्य सभी शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है, जिससे इस दिन को और अधिक पावन बनाया जाता है।

मुनेंद्र प्रसाद पटेल, प्रवीणा पटेल और सावित्री पटेल ने इस पावन अवसर पर सभी भक्तों और उनके परिवारों को देवउठनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं, जिससे सामाजिक और धार्मिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ।

— Munendra Prasad Patel, भोपाल

कृषि

गुरुवा पिपरिया में किसानों ने विद्युत विभाग को वोल्टेज समस्या पर सौंपा ज्ञापन



गुरुवा पिपरिया में किसानों ने विद्युत विभाग को वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु सोंपा ज्ञापन सौंपा, यह स्थानीय कृषि क्षेत्र में बिजली की अनियमितता को लेकर उठाया गया कदम है।

किसानों का कहना है कि खेतों में उपयोग होने वाली बिजली का वोल्टेज लगातार घटता-बढ़ता रहता है, जिससे फसल की सिंचाई एवं मशीनरी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने विभाग को त्वरित सुधार की मांग की।

वर्तमान में विभाग ने इस ज्ञापन को प्राप्त कर लिया है और समस्या के समाधान हेतु जांच शुरू करने का संकेत दिया है, जबकि किसान समाधान की शीघ्रता की अपेक्षा कर रहे हैं।

विद्युत विभाग ने किसानों के लिए जो कुछ वोल्टेज की मांग की । पर उसमें उन्होंने कुछ किया नहीं हैं , बच्चों की पढ़ाई को लेकर उन्होंने 4 घंटे बिजली देने का आश्वासन दिया है।

विद्युत विभाग ने किसानों को कहा कि अब वोल्टेज में थोड़ा सुधार होगा।

किसानों का कहना है कि चार दिन तक वे वोल्टेज की समस्या देखेंगे अगर वोल्टेज नहीं मिले तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। क्या विद्युत विभाग किसानों के लिए कुछ ठोस कदम नही उठा सकते।

क्या अब किसानों को राहत नहीं मिलेगी क्या यही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है

विद्युत विभाग से किसानों का यही मांग है कि उन्हें वोल्टेज की समस्या से राहत मिले।

— Jouhrilal kasde